प्रेस नोट **28/09/2024**

<u>डॉक्टर से फोन के माध्यम से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले 02 आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाईलफोन व सिम, 02 अवैध तमन्चा व कारतूस एवं मोटरसाईकिल बरामद–</u>

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्दशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री महेश सिंह अत्रि के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना श्री अजय विक्रम सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 28.09.2024 को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर जमुई अण्डर पास से मु0अ0सं0 328/2024 धारा 308(4) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण पंकज कुमार सिंह पुत्र स्व0 शैलेन्द्र सिंह निवासी बेरव विश्म्भरपुर थाना देवगांव जनपद आजमगढ़, प्रिन्स सिंह पुत्र सन्तोष कुमार सिंह निवासी परासीपुर थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पंकज के कब्जे से एक अदद मोबाइल फोन सैमसंग कम्पनी व सिम बरामद हुआ, जिसके सम्बन्ध में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि इसी मोबाइल से मै तथा मेरे दोस्त प्रिन्स सिंह द्वारा करहां बाजार मे स्थित प्रमोद जन कल्याण अस्पताल के डाक्टर अनुराग सिंह से 10 लाख रुपये रंगदारी की मांग किये थें। जिनके कब्जे से 02 अदद तमन्चा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक अदद मोटरसाईकिल नम्बर (DL7SCJ1545) बजाज पल्सर बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 331/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया। बरामद दो पहिया वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया।

पंजीकृत अभियोग–

1. मु0अ0सं0 328/2024 धारा 308 (4) बीएनएस थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।
2. मु0अ0सं0 331/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।

गिरफ्तार अभियुक्त–

1. पंकज कुमार सिंह पुत्र स्व0 शैलेन्द्र सिंह निवासी बेरवा विश्म्भर पुर थाना देवगांव जनपद आजमगढ़।
2. प्रिन्स सिंह पुत्र सन्तोष कुमार सिंह निवासी परासी पुर थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़।

बरामदगी–

1. 02 अदद मोबाइल SAMSUNG व रियलमी व सिम।
2. एक अदद मो0सा0 (DL7SCJ1545) बजाज पल्सर।
3. 02 अदद नाजायज तमन्चा 315 बोर 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–

उ0नि0 श्री सुरजीत सिंह, उ0नि0 श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ,हे0का0 सत्य प्रकाश , हे0का0 अजय यादव ,का0 संजय यादव, का0 निर्भय सिंह, का0 बृजेश सिंह, का0 चन्द्रजीत मौर्य , का0 राजेश पटेल , का0 अवनीश सोनकर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।

जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने के क्रम में आज दिनांक 28.09.2024 को जनपद के समस्त थानों पर समाधान/थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रीमान् पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा थाना दोहरीघाट में उपस्थित रहकर जनशिकायतों को सुना गया तथा इसके समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से कुल 15 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा राजस्व विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व टीम को आवश्यकतानुसार पुलिस बल उपलब्ध कराकर निस्तारण किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।